प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे–कार्यकम के सजीव प्रसारण के लिए प्रदेश में विशेष व्यवस्थाएं।
- भारत अंतरिक्ष में साल 2035 तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा– इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर।
- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल होगी जांच।
- जयपुर एयरपोर्ट का टर्मिनल 1 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला जा रहा है। एयरपोर्ट पर आज से शीतकालीन समय सारणी लागू।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यकम के सामूहिक प्रसारण के लिए प्रदेशभर में भी कई जगह व्यवस्थाएं की गई है। प्रदेश भाजपा की ओर से जिला मुख्यालय और पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यकम को सुनने के लिए सजीव प्रसारण रखा गया है। कार्यकमों में पार्टी पदाधिकारी, केबिनेट मंत्री और जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

00000

भारत अंतरिक्ष में साल 2035 तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा, जिसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच एक सहमति पत्र पर आयोजित हस्ताक्षर समारोह में यह बात कही। सहमति पत्र का उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना है जिससे देश में वैज्ञानिक नवाचार के एक नए युग की शुरुआत होगी। इसके अलावा सहमति पत्र में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी नीति जैसी कई प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार करने की बात कही गई है। डॉ. सिंह ने कहा कि सार्वजनिक और निजी भागीदारी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के तेजी से विकास में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और करीब 300 स्टार्टअप अब अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं।

00000

जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 का कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा अधिकारिक उद्घाटन के बाद इसे नए स्वरुप में यात्रियों के लिए खोला जला रहा है। कई सालों के इंतज़ार के बाद 1.5 मिलियन सालाना क्षमता वाला यह टर्मिनल अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला जा रहा है। नए टर्मिनल के उद्घाटन के बाद अब दो टर्मिनल हो गए है। जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार सभी अंतरराष्ट्रीय यात्री सांगानेर पुलिस स्टेशन के पास स्थित टर्मिनल 1 से अपनी उड़ानें भर सकेंगे। इस टर्मिनल भवन के खुलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट की क्षमता में काफी वृद्धि होगी और यात्रियों के लिए समग्र सेवा गुणवत्ता में सुधार होगा। इस बीच आज से एयरपोर्ट पर शीतकालीन समय सारणी लागू हो गई है। जयपुर एयरपोर्ट पर अब हर दिन 70 फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। 29 मार्च तक जारी रहने वाली इस व्यवस्था के तहत जयपुर से 21 शहरों के लिए 63 घरेलू और 7 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट संचालित होगी।

00000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल जांच की जायेगी। 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 94 अभ्यर्थियों की ओर से कुल 118 नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। दौसा में सर्वाधिक 21 और सलूम्बर में सबसे कम 7 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये।

00000

आयुर्वेद विभाग की ओर से इन दिनों आरोग्य सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान औषधालयो के जरिये आयुर्वेद कर्मचारी लोगों को स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा पिला रहे हैं। सवाईमाधोपुर में भी सप्ताह के तहत आयुर्वेदकर्मी योग और व्यायाम को नियमित रूप से अपनाने और ऋतु परिवर्तन के दौरान सावधानियों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे है।

00000

सीमा सुरक्षा बल के अपर महानिदेशक सतीश एस खंडारे ने कल जैसलमेर में सरहदी चौकियों का निरीक्षण कर जवानों से मुलाकात की। इस दौरान बीएसएफ अधिकारियों ने क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य, सीमा प्रबंधन की जटिलताओं और सीमा पर हो रहे विभिन्न आपरेशन गतिविधियों के बारे में श्री खंडारे को विस्तार से जानकारी दी। अपर महानिदेशक ने सीमा चौकियों पर तैनात जवानों का हौसला बढाया और उनकी सेवा की सराहना की।

00000

भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल जोधपुर में भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सर्किट हाऊस में आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की। कार्यक्रम में शहर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

00000

स्वर्ण नगरी जैसलमेर में पर्यटन को और बढावा देने के लिए इसे फ्रांस के कारकासोन शहर की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। जैसलमेर आये फ्रंस के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में कल स्थानीय प्रशासन से चर्चा की।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और महज दस महीने के कार्यकाल में ही संकल्प पत्र के पचास प्रतिशत काम पूरे कर दिये है। राजसमंद में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कच्चे माल की भरपूर उपलब्धता है ऐसे में यहां उद्योगो को लेकर बडी संभावना है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद और विधायक किरण माहेश्वरी को श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए और मंदिर प्रबंधन से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

00000

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अहमदाबाद में आज तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा। इससे पहले, भारत ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 59 रन से हराया था। इस बीच पुरूष क्रिकेट में भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरिज को न्यूजीलैण्ड ने जीत लिया हैं। पुणे में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में कल मेहमान टीम ने भारत को 113 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ ही भारत का घरेलु सीरिज में लगातार 12 साल से अजेय बने रहने का रिकॉर्ड टूट गया।

00000

दीपावली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में खाद्य पदार्थो की जांच को लेकर अभियान तेज हो गया है। लोगों को मिलावट रहित शुद्ध मिठाईयां तथा दूसरे खाद्य पदार्थ बेचे जाने को लेकर खाद्य विभाग की ओर से जगह–जगह कार्रवाई की जा रही है।

इस कड़ी में भरतपुर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर 80 किलो दूषित दूध, डेढ़ सौ किलो बासी मिठाई एवं 55 किलो पनीर तथा 18 किलो मिलावटी घी को नष्ट करवाया गया।

00000